READ INDIA

# व्याकरण ज्योति

## Teacher's Manual

Class I to V


लेखिका

रजनी गुप्ता

एम०ए०, बी०एड०



READ INDIA

An Imprint of Vidyalaya Prakashan

An ISO 9001 : 2008 Certified Co.

NEW DELHI

# INDEX


| Sl. No. | Book Name | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | व्याकरण ज्योति – I | 3 |
| 2. | व्याकरण ज्योति – II | 9 |
| 3. | व्याकरण ज्योति – III | 19 |
| 4. | व्याकरण ज्योति – IV | 31 |
| 5. | व्याकरण ज्योति – V | 45 |

# व्याकरण ज्योति - 1

## पाठ-1 वर्ण एवं वर्णमाला

**1. चित्रों को उनके नाम के पहले अक्षर ( वर्ण ) से मिलाइए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरगोश | - ख | मछली | - म |
| रथ | - र | कबूतर | - क |
| तरबूज | - त | छाता | - छ |

**2. रिक्त स्थान भरिए :-**

क. वर्ण  ख. स्वर  ग. चार  घ. व्यंजन

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. वर्णमाला में 11 स्वर होते हैं।

ख. 'त्र' त् और र (त् + र) वर्णों के मेल से बना है।

ग. हिंदी भाषा में वर्ण दो प्रकार के होते हैं:-(1) स्वर (2) व्यंजन

घ. 'श्र' संयुक्त व्यंजन है।

ड. स्वर और व्यंजनों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं।

## पाठ-2 वर्णों का मेल

**1. चित्रों को देखकर सही शब्द पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| नमक | मटर | कलश |
| अदरक | टमटम | सरकस |

**2. वर्ण जोड़कर शब्द बनाइए :-**

क. महक  ख. भवन

ग. बरगद  घ. अदरक

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: -**

क. श + ह + र

ख. प + न + घ + ट

ग. वर्णों के सही मेल को शब्द कहते हैं।

घ. तीन वर्णों वाले दो शब्द-सड़क, कमल।
चार वर्णों वाले दो शब्द-अजगर, शरबत।

ड. कसरत

## पाठ-3 मात्राएँ

**1. चित्र का नाम लिखकर प्रयोग की गई मात्रा को देखकर सही स्वर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. हिरण  (अ) इ

ख. गुलाब  (स) उ

ग. कौआ  (ब) औ

घ. रेल  (अ) ए

**2. रिक्त स्थान भरिए :-**

क. आ (ा)　　ख. उ ( ु )　　ग. इ ( ि )　　घ ऊ ( ू )

ड. ओ ( ो)　　च. ऊ ( ू )　　छ. इ ( ि )

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. स्वरों के विशेष चिह्नों को हम मात्रा कहते हैं।

ख. 'सूरज' शब्द में 'स' वर्ण पर 'ऊ' ( ू) की मात्रा लगी है।

## पाठ-4 शब्द तथा वाक्य

**1. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. (ब) वाक्य　　ख. (अ) शब्द　　ग. (स) मछली

घ. (अ) बच्चे खाना खा रहे हैं।　　ड. (द) तोता

**2. निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए :-**

(क) विनिता नृत्य करती है।

(ख) झूठ बोलना बुरी आदत है।

(ग) सोहन बाजार जाता है।

(घ) बच्चे सर्कस देखते हैं।

(ङ) सोहन कलम से लिखता है ।

(च) राम किताब पढ़ता है।

(छ) माता जी खाना बना रही हैं।

(ज) विपिन पुस्तकें खरीदता है।

(झ) रात में बिजली चमकती है।

(ण) पक्षी सुबह उड़ते हैं।

**3. सही शब्द भरकर खाली स्थानों की पूर्ति करो :-**

क. शब्द　　ख. सार्थक　　ग. वाक्य　　घ. मटर

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. किला, पवन, चाकू, बाजार

ख. दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

ग. दो या दो से अधिक शब्दों के सार्थक मेल को वाक्य कहते हैं।

## पाठ-5 संज्ञा

**1. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. (ब) सुमन　　ख. (स) फल　　ग. (स) तोता

**2. खाली स्थानों में उचित संज्ञा शब्द चुनकर भरिए :-**

क. फूल,　ख. हरिद्वार,　ग. कुर्सी,　घ. छाता,　ड. दिल्ली

**3. निम्नलिखित वाक्यों से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए:-**

क. गौरव, स्कूल,　　ख. माली, फूल,　　ग. दूध

5. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. किसी भी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।

ख. संज्ञा के दो उदाहरण-महात्मा गांधी, हिमालय पर्वत

6. **नाम लिखो :-**

क. राम, अमित

ख. केला, सेब

ग. चील, कबूतर

घ. दिल्ली, मेरठ

## लेखन विकास कौशल

1. **पाँच पालतू पशुओं के नाम :-**

कुत्ता, बिल्ली, गाय, भैंस, घोड़ा

2. **पाँच जंगली पशुओं के नाम :-**

शेर, चीता, भेड़िया, लोमड़ी, गैंडा

3. **पाँच पक्षियों के नाम :-**

तोता, कौआ, मोर, चिड़िया, कबूतर

4. **पाँच कीटों के नाम :-**

चींटी, कॉकरोच, मच्छर, मधुमक्खी, मक्खी

5. **पाँच जलीय जंतुओं के नाम :-**

मछली, मेंढक, मगरमच्छ, ह्वेल, कछुआ

## पाठ-6 वचन

1. **सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. (द) बिल्लियाँ    ख. (स) माला    ग. (ब) पहाड़ियाँ

घ. (स) किरण    ड. (अ) ताला

2. **नीचे लिखे शब्दों को उनके सही वचन के नीचे लिखिए :-**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| पुस्तक | ताले |
| मेज | खिलौने |
| छाता | पहाड़ियाँ |
| माला | घड़ियाँ |
| पत्ता | कुर्सियाँ |

3. **खाली स्थान भरिए :-**

क. दो    ख. एकवचन    ग. घड़ियाँ    घ. एकवचन

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. जिन संज्ञा शब्दों से किसी वस्तु या प्राणी के संख्या में एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

ख. वचन दो प्रकार के होते हैं:- 1. एकवचन, 2. बहुवचन।

ग. एकवचन के दो उदाहरण-ताला, चाबी

घ. बहुवचन के दो उदाहरण-दवाइयाँ, पहाड़ियाँ

## पाठ-7 लिंग

1. **सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. (अ) स्त्रीलिंग ख. (ब) पुल्लिंग

2. जो शब्द पुल्लिंग में हैं, उनके सामने पु० लिखिए तथा जो शब्द स्त्रीलिंग में हैं उनके सामने स्त्री० लिखिए:-

क. पु० ख पु० ग. पु०

घ. स्त्री० ड. स्त्री० च. स्त्री०

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. जिन संज्ञा शब्दों से किसी के स्त्री या पुरुष होने का पता चलता है, उन्हें लिंग कहते हैं।

ख. घोड़ा

ग. स्त्रीलिंग

4. **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए :-**

क. दादी ख. पुत्र ग. शेरनी

घ. चूहा ड. मोटा च. भाई

## पाठ-8 सर्वनाम

1. **सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

क. (ब) तुम ख. (द) सर्वनाम ग. (द) रूबी घ. (द) दो

2. **निम्न वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

क. हम ख. तुम ग. उसे

घ. मैं ड. हमारा

3. **निम्न सर्वनाम शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-**

क. वह - वह सो रहा है।

ख. तू - तू सोने के लिए चला जा।

ग. मैं - मैं पानी पीता हूँ।

घ. आप - आप कहाँ रहते हैं?

ड. उन्हें - उन्हें पढ़ने दीजिए।

च. उसे - उसे खेलने के लिए बुलाइए।

छ. उसका - उसका पैर फिसल गया।

ज. मेरा - मेरा घर बहुत बड़ा है।

झ. आपका - आपका क्या नाम है?

ञ. कोई - बाहर कोई आया है।

4. **निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्दों पर गोला बनाइए :-**

उनका मैं तुम उसे हम इसे वह किसे

5. **सर्वनाम की परिभाषा लिखिए :-**

जो शब्द, संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

6. **निम्न शब्दजाल में सर्वनाम शब्दों को खोजो और खाली जगह पर लिखो:-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तुम | हम | मुझे | हमारा | मेरा |
| कोई | उसे | आप | आपका | वह |

## पाठ-9 विशेषण

1. **विशेषण को विशेष्य से मिलाइए :-**

गर्म - चाय खट्टे - अंगूर तीन - कुर्सियाँ

हरी - मिर्च नटखट - बंदर

2. **विशेषण शब्दों को घेरिए :-**

क. लंबा ख. दो मीटर ग. हरी घ. चार

3. **विशेषण की परिभाषा लिखिए।**

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

4. **इनमें से शब्द चुनकर खाली जगह में भरो :-**

ऊँचा - पेड़ मीठा - खरबूजा छोटी - चींटी

रसीला - आम काला - गुलाब सुंदर - मोर

## पाठ-10 क्रिया

1. **सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

क. (द) क्रिया ख. (अ) पढ़ना ग. (अ) पीता है।

2. **निम्नलिखित में से जो क्रिया शब्द हैं, उनके सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

क. पकाना घ. नाचना ड. जाना

छ. खेलना ज. फेंकना

3. **निम्न वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

क. टहल रही है ख. पढ़ते हैं ग. देखता है

घ. रोता है ड. पकातीं हैं

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

क. जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं।

ख. दूध

ग. बना रही हैं।

घ. फेंकता है।

## पाठ-11 विलोम शब्द

**1. सही मिलान कीजिए :-**

ऊपर - नीचे पाप - पुण्य अच्छा - बुरा

भलाई - बुराई मोटा - पतला

**2. खाली स्थान भरिए :-**

क. दिन ख. झूठ ग. विलोम घ. पतला

## पाठ-12 पर्यायवाची शब्द

**1. सही मिलान कीजिए :-**

पानी - जल वायु - हवा माँ - जननी

धरा - भू वृक्ष - पेड़ राजा - नरेश

**2. पर्यायवाची शब्द की परिभाषा लिखिए :-**

जिन शब्दों का अर्थ समान होता है, उन शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहा जाता है।

## चित्र द्वारा कहानी लेखन

एक दिन एक चूहा अपने घर की दीवार से एक मॉल में पनीर चुराने के लिए निकला। उसने बड़े बक्से पर चढ़कर फ्रिज खोला।

फ्रिज में उसे दूध, अंडा और गाजर दिखे। लेकिन पनीर नहीं दिखा। चूहा उदास हो गया।

कुछ देर बाद एक बिल्ली, पनीर लेकर उसके सामने आई। उसने चूहे को एक बड़ा टुकड़ा पनीर का दे दिया। चूहा खुश हो गया। फिर चूहा और बिल्ली दोनों पार्क में खेलने चले गए।

## पाठ-14 अपठित गद्यांश

**1. नीचे लिखे गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :-**

क. सर्दियों का ख. कोहरा ग. जामुन

**2. शब्दों को अर्थ से मिलाओ :-**

क. वक्त - समय ख. जल - पानी

**3. वाक्य प्रयोग करो :-**

क. मौसम - गर्मियों के मौसम में हम ठंडा पानी पीते हैं।

ख. जामुन - जामुन के पेड़ पर फल लगे हैं।

ग. पेड़ - पेड़ हमें छाया देते हैं।

# व्याकरण ज्योति - 2

## पुनरावृत्ति

**लिखो :-**

**1. सप्ताह के दिनों के नाम :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार |
| शुक्रवार | शनिवार | रविवार | |

**2. वर्ष के महीनों के नाम :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल |
| मई | जून | जुलाई | अगस्त |
| सितंबर | अक्तूबर | नवंबर | दिसंबर |

**3. पर्वों के नाम :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| होली | लोहड़ी | रक्षाबंधन | ईद |
| दीपावली | भैया दूज | गुरुपर्व | क्रिसमस |

**4. ऋतुओं के नाम :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्रीष्म | शीत | शरद | बसंत |

## पाठ-1 भाषा और व्याकरण

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) लिखित भाषा 2. (अ) मौखिक भाषा

3. (स) सांकेतिक भाषा

**ख. सही मिलान करें :-**

1. लिखकर - ख. लिखित भाषा
2. बोलकर - ग. मौखिक भाषा
3. इशारा करके - क. सांकेतिक भाषा

**ग. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. भाषा वह साधन है, जिसके द्‌वारा हम किसी के भावों अथवा विचारों को समझते हैं तथा अपने भावों तथा विचारों को किसी को बताते हैं।
2. भाषा के तीन प्रकार हैं-

   1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा 3. सांकेतिक भाषा
3. किसी भाषा को शुद्‌ध रूप से लिखने और बोलने का ज्ञान कराने वाले विशेष ज्ञान को व्याकरण कहते हैं।

## पाठ-2 वर्ण और वर्णमाला

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) सुराही 2. (ब) दो 3. (ब) छह

4. (ब) क् + इ + त् + आ + ब् + अ 5. (अ) वर्ण

**ख. खाली स्थान भरिए :-**

1. टुकड़े  2. छह  3. ध्वनि
4. स्वर  5. व्यंजन  6. आकाश

**ग. सही मिलान करें :-**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|
| 1. | क, ख, ग | घ. | स्वर |
| 2. | अ, आ. इ | ग. | व्यंजन |
| 3. | छोटी-से-छोटी इकाई | ख. | वर्ण |
| 4. | म् + ओ + र् + अ | ङ. | मोर |
| 5. | क् + इ + त् + आ + ब् + अ | क. | किताब |

**घ. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य  2. असत्य  3. असत्य  4. सत्य

**ङ. वर्णों को स्वर और व्यंजन से सही-सही मिलाइए :-**

स्वर - अ, इ, ई,
व्यंजन - क, ग, स, ह

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. वर्ण, वह छोटी ध्वनि है, जिसके और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते।
2. वर्ण दो प्रकार के होते हैं :- (1) स्वर (2) व्यंजन
3. ध्वनियाँ भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है।
4. कमरा
5. ग् + अ + म् + अ + ल् + आ

**छ. नीचे लिखे वर्णों में से स्वरों पर गोला बनाइए :-**

आ  ओ  ए  उ  औ  अ  ऊ  इ  ऋ  ई

**ज. द्वित्य व्यंजन वाले चार शब्द लिखो :-**

पक्का  मिट्टी  बिल्ली  कच्चा

## पाठ-3 मात्राएँ

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) अ  2. (स) ी  3. (स) ं

**ख. खाली स्थान भरिए :-**

1. ं  2. े  3. अलग-अलग  4. ृ

**ग. इनका सही मिलान करें :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | उ | ग. | ु |
| 2. | आ | ङ. | ा |

3. ए च. ॅ
4. ई छ. ा
5. ऋ क. ृ
6. ऊ घ. ू
7. चंद्रबिंदु ख. ँ

**घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

1. व्यंजन और स्वर को मिलाने पर स्वर का रूप बदल जाता है। स्वर के इस बदले हुए रूप को ही मात्रा कहते हैं।
2. 'अ' स्वर की कोई मात्रा नहीं होती।

## पाठ-4 शब्द तथा वाक्य

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) रबूतक
2. (स) दाबल
3. (अ) सार्थक
4. (ब) शब्द कहलाता है
5. (स) वाक्य कहलाता है

**ख. सही मिलान करें :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | सार्थक शब्द | ग. | कोयल |
| 2. | सार्थक वाक्य | क. | पूनम खाना खा रही है। |
| 3. | निरर्थक वाक्य | ख. | कोयल गा रही है सुंदर गाना। |

**ग. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य 2. सत्य 3. सत्य

**घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. वर्णों का वह मेल जिसका कोई अर्थ हो, शब्द कहलाता है।
2. शब्दों का वह समूह, जिनसे कोई बात पूरी तरह समझ में आ जाए, जिसका कोई अर्थ निकलता हो, वाक्य कहलाता है। उदाहरण:-अध्यापिका छात्रों को पढ़ाती है।
3. तभार, लामुयम
4. (क) रवि मेरा मित्र है।
   (ख) आज हम मेला देखने जायेंगे।
   (ग) आसमान में पक्षी उड़ रहे हैं।

**ङ. नीचे लिखे शब्दों में से सार्थक तथा निरर्थक शब्दों को अलग-अलग लिखिए :-**

सार्थक शब्द : पुस्तक, शहर, दिल्ली, बादल, सब्जी, तोता

निरर्थक शब्द : करबूत, तरबूत, रमेठ, मकल, यलको, चीली

## पाठ-5 संज्ञा

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) चीता 2. (अ) मेज
3. (स) दिल्ली 4. (ब) दर्जी
5. (स) व्यक्तिवाचक संज्ञा

**ख. खाली स्थान भरिए :-**

1. व्यक्ति 2. वस्तु 3. भाव 4. संज्ञा

**ग. सही मिलान करें :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | रवि | ख. | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| 2. | दया | ग. | भाववाचक संज्ञा |
| 3. | पक्षी | क. | जातिवाचक संज्ञा |
| 4. | कुतुबमीनार | च. | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| 5. | बच्चा | घ. | जातिवाचक संज्ञा |
| 6. | बचपन | ड. | भाववाचक संज्ञा |

**घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी एवं स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।
2. संज्ञा तीन प्रकार की होती है:- 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
   2. जातिवाचक संज्ञा
   3. भाववाचक संज्ञा
3. हाँ, 'गाय' शब्द से जातिवाचक संज्ञा का बोध होता है।
4. महात्मा गांधी

**ङ. निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा छाँटकर अलग-अलग लिखिए :-**

व्यक्तिवाचक संज्ञा :- श्रीकृष्ण, जवाहर लाल नेहरू, कुतुबमीनार, रामचंद्र, ताजमहल।

जातिवाचक संज्ञा :- दर्जी, पक्षी, बच्चा, पशु, किसान, प्रेम

भाववाचक संज्ञा :- क्रोध, बचपन, दया, बुढ़ापा।

## पाठ-6 सर्वनाम

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) वह, तुम, मैं
2. (ब) वह
3. (ब) सर्वनाम

**ख. खाली स्थान भरिए :-**

1. मेरा 2. वे 3. मैं 4. वह 5. तुम

ग. **इनका सही मिलान कीजिए :-**

| स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | मैं | घ. खाना खाता हूँ। |
| 2. | वे | क. मंदिर जा रहे हैं। |
| 3. | तुम | ख. कहाँ जा रहे हो? |
| 4. | उन्हें | ग. वहाँ जाना चाहिए। |
| 5. | मैंने | ङ. उसे दान दे दिया। |

घ. **सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. असत्य 2. सत्य 3. असत्य
4. असत्य 5. असत्य

ङ. **सर्वनाम की परिभाषा लिखिए :-**

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

च. **निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

1. कौन - कौन शोर मचा रहा है?
2. मैं - मैं रोहित से नाराज हूँ।
3. तुम - तुम खाना खाकर सो जाओ।
4. वह - वह गाना गाती है।
5. उन्हें - उन्हें घर बुलाओ।
6. मुझसे - मुझसे बात मत करो।
7. मेरे - पिता जी मेरे लिए मिठाई लाए।
8. उनको - उनको खाने के लिए बुलाइए।

छ. **सर्वनाम शब्दों पर गोला बनाइए :-**

1. मैं 2. तुम 3. हम
4. वे 5. तुम 6. यह
7. यह, मेरा 8. कोई

## पाठ-7 लिंग

क. **सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) शेर 2. (ब) लड़का

ख. **इन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखो :-**

1. मालिन 2. रानी 3. ऊँटनी 4. हिरणी
5. शेरनी 6. मुर्गी 7. बहन 8. माता

ग. **पुल्लिंग शब्दों का मिलान उनके स्त्रीलिंग रूप से करो :-**

1. हाथी- ख. हथिनी 2. माता - घ. पिता
3. मामा- क. मामी 4. नौकर - ङ. नौकरानी
5. चूहा - ग. चुहिया

**घ. इन समूहों में जो स्त्रीलिंग नहीं हैं, उन पर गोले लगाओ :-**

1. मुर्गा 2. मोर 3. दादा

## पाठ-8 वचन

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) चिन्ह लगाइए :-**

1. (स) पत्नी 2. (स) दो 3. (द) झूले
4. (ब) बहुवचन 5. (अ) लड़के

**ख. सही मिलान कीजिए:-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | जूता | घ. | जूते |
| 2. | बकरी | ड. | बकरियाँ |
| 3. | तारा | च. | तारे |
| 4. | लड़की | छ. | लड़कियाँ |
| 5. | कुर्सी | क. | कुर्सियाँ |
| 6. | खिड़की | ख. | खिड़कियाँ |
| 7. | घोड़ा | ग. | घोड़े |

**ग. खाली स्थान भरिए :-**

1. बकरी 2. खिलौने 3. माँ
4. चटनी 5. बहनें

**घ. दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्द का बहुवचन करके वाक्यों को पुनः लिखिए :-**

1. उसने केले खाये।
2. हम बल्ले लाए।
3. अध्यापिकाएँ पढ़ा रही हैं।
4. बच्चे दौड़ रहे हैं।
5. कुत्ते सो रहे हैं।
6. वह टोकरियाँ लाया।
7. हमने रोटियाँ खाईं।
8. लड़कियों ने नृत्य किया।
9. मेरे पास पेंसिलें हैं।

## पाठ-9 क्रिया

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) क्रिया 2. (स) नाचना 3. (स) लाना

**ख. नीचे दिए गए शब्दों को खाली स्थानों में सही-सही भरिए :-**

1. बैठता 2. जाता 3. उड़ती
4. सिलता 5. बनाती

**ग. सही मिलान कीजिए :-**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|
| 1. | रवि | घ. | मैच देखता है। |
| 2. | उन्हें | ङ. | वहाँ जाना है। |
| 3. | चित्रकार | च. | चित्र बनाता है। |
| 4. | अध्यापक | क. | पाठ पढ़ाता है। |
| 5. | मीरा | ख. | गाने सुनती है। |
| 6. | दादा जी | ग. | सैर करते हैं। |

**घ. निम्नलिखित क्रिया शब्दों में से उन क्रियाओं पर गोल घेरा कीजिए, जिनमें हाथ या पैर आवश्यक रूप से कार्य करते हैं :-**

1. दौड़ना　　4. टहलना　　7. पीना

8. खाना　　9. जाना　　10. आना

11. नाचना　　12. रोटी बेलना

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. जिन शब्दों से किसी काम का होना या करना पाए जाए, उन्हें क्रिया कहते हैं। उदाहरण-कुत्ता भौंकता है।
2. रोना, हँसना, नहाना, उड़ना, दौड़ना।

**च. निम्न में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

1. खा रहा है।　　2. उड़ रहे हैं।　　3. सो रहा है।

4. माँगता है　　5. भागता है　　6. दौड़ रहे हैं

7. नहाता है　　8. गए　　9. जाएगा

10. खरीदने, जाएँगे　　11. खरीदे　　12. खाई

## पाठ-10 विशेषण

**क. विशेषण और विशेष्य का सही मिलान कीजिए :-**

| | विशेषण | | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | पीली | ग. | पतंग |
| 2. | खट्टी | घ. | इमली |
| 3. | शरारती | क. | बंदर |
| 4. | सुंदर | ख. | लड़की |
| 5. | हरी | ड. | मिर्च |

**ख. निम्न में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

1. रसीला　　2. जहरीला　　3. डरपोक

4. भारतीय　　5. सामाजिक　　6. छोटी

7. विशाल　　8. जंगली

ग. **निम्न विशेष्यों के लिए विशेषण लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| हरे - पत्ते | लाल - सेब | छोटी - कन्या |
| लंबा - नौजवान | बहादुर - सिपाही | सुंदर - स्त्री |

घ. **निम्न संज्ञा शब्दों में विशेषण बनाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| दिन - दैनिक | समाज - सामाजिक | चमक - चमकीला |
| दया - दयालु | मेहनत - मेहनती | धन - धनी |

ङ. **विशेषण की परिभाषा लिखिए।**

जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हैं, विशेषण कहलाते हैं।

च. **निम्न विशेषणों को वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

1. मुझे गरम चाय पीना पसंद है।
2. आसमान में अनेकों चमकीले तारे हैं।
3. मेरा मित्र शक्की है।
4. राहुल डरपोक लड़का है।
5. दु:खी व्यक्ति की मदद करो।
6. मेरे पिताजी दयालु हैं।
7. वह धनी परिवार का बेटा है।
8. जहरीला पानी पीने से कई लोग मर गए।

## पाठ-11 विलोम शब्द

क. **सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) शत्रु     2. (स) लाभ     3. (अ) छाया

ख. **सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | सुबह | घ. | शाम |
| 2. | नया | ङ. | पुराना |
| 3. | आज | च. | कल |
| 4. | सच्चा | क. | झूठा |
| 5. | आकाश | ख. | पाताल |
| 6. | लाभ | ग. | हानि |

ग. **उचित शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए :-**

1. सच     2. दु:ख     3. हानि

4. मित्र

## पाठ-12 पर्यायवाची शब्द

क. **सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) पर्यायवाची     2. (स) गगन     3. (द) इनमें से कोई नहीं

**ख. खाली स्थान भरिए :-**

1. पर्यायवाची शब्द 2. पेड़ 3. रवि
4. नयन

**ग. सही मिलान कीजिए :-**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|
| 1. | वृक्ष | ङ. | पेड़ |
| 2. | स्त्री | च. | महिला |
| 3. | जल | क. | पानी |
| 4. | बालक | ख. | शिशु |
| 5. | राजा | ग. | नरेश |
| 6. | सूरज | घ. | भानु |

## पाठ-13 अपठित गद्यांश

**क. नीचे लिखे गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :-**

1. लालची
2. अंडा
3. सोने का
4. (अ) आदमी - मनुष्य (ब) रोज-प्रतिदिन
5. निम्न शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो :-
   (अ) हमें लालच नहीं करना चाहिए।
   (ब) मुर्गी अंडा देती है।
   (स) वह ईमानदार आदमी है।
   (द) एक सप्ताह में सात दिन होते हैं।

## अपठित कविता-2

**ख. कविता को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :-**

1. सोई, रोई
2. रात, नाक
3. एक, पर

**वर्तनी :-**

4. शुद्ध करके लिखो :-
   (अ) सुबह (ब) बिल्ली (स) म्याऊँ
   (द) मक्खी (इ) लड़की
5. वाक्य बनाओ:-
   (अ) उसकी नाक पर चोट लग गई।
   (ब) मैं रात के समय जल्दी सो जाती हूँ।

## पाठ -14 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**क. एक शब्द लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. हिंदुस्तानी | 2. सत्यवादी | 3. आज्ञाकारी |
| 4. गायक | 5. अभिनेता | 6. सेवक |

**ख. अनेक शब्द लिखो :-**

| | |
|---|---|
| 1. तीन मंजिल का | 2. चार राहों का |
| 3. तीन रंगों का | 4. मांस का आहार करने वाला |
| 5. अध्यापन करवाने वाला | 6. प्रशिक्षण देने वाला |

# व्याकरण ज्योति - 3

## वर्तनी

**क. नीचे लिखे शब्दों को पूर्ण करो :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दीवार | ग्रामीण | मीनार | अलमारियाँ |
| कमरा | मौसी | बच्चों | नौकरानी |

**ख. रोटी बनाने का सही क्रम लिखो :-**

1. गेहूँ को पिसवाएँगे।
2. आटे को सानेंगे।
3. चकले पर बेलेंगे।
4. तवे पर पकाएँगे।
5. आग पर फुलाएँगे।
6. गरम-गरम खाएँगे।

## पाठ-1 भाषा

**क. उत्तर दीजिए :-**

1. भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर या लिखकर अपने मन के विचारों का आदान-प्रदान करता है।
2. घर में भाषा के मौखिक रूप का प्रयोग करते हैं।
3. भारत में हिंदी भाषा का प्रयोग अधिक होता है।
4. हम विद्यालय में हिंदी व अंग्रेजी भाषा का अध्ययन करते हैं।
5. हिंदी भाषा को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है।

**ख. बहुविकल्पीय प्रश्न :-**

सही उत्तर पर (✓) चिह्न लगाओ :-

1. (ग) केरल की

**ग. आठ भाषाओं के नाम ढूँढकर लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| तमिल | संस्कृत | गुजराती |
| मराठी | अंग्रेजी | पंजाबी |
| सिंधी | कन्नड़ | |

## पाठ-2 वर्ण-विचार

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) ध्वनि के सबसे छोटे खंड को,
2. (स) सभी वर्णों के निश्चित और क्रमिक समूह को
3. (स) ग्यारह
4. (अ) अयोगवाह

**ख. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. संयुक्त
2. ड़ तथा ढ़
3. द्वित्व व्यंजन
4. स्वर

**ग. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य　　2. सत्य　　3. असत्य

4. सत्य

**घ. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रमिक | ख. | संयुक्त व्यंजन |
| 2. | बच्चा | ग. | द्वित्व व्यंजन |
| 3. | बंदर | घ. | अनुस्वार |
| 4. | चाँद | क. | अनुनासिक |

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. हिंदी भाषा में ग्यारह (11) स्वर होते हैं।
2. वर्ण दो प्रकार के होते हैं:- (1) स्वर
   (2) व्यंजन
3. व्यंजन तीन प्रकार के होते हैं:- (1) सामान्य व्यंजन
   (2) संयुक्त व्यंजन
   (3) द्वित्व व्यंजन।

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :-**

1. वह छोटी-से-छोटी ध्वनि, जिसके और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते, को वर्ण कहते हैं।
2. जो वर्ण, अन्य वर्णों (स्वरों) की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं।
3. कुछ वर्ण ऐसे होते हैं, जो न तो स्वर होते हैं और न ही व्यंजन, उन्हें अयोगवाह कहते हैं। उदाहरण:-अं, अँ, अः ।
4. जो वर्ण अन्य वर्णों की सहायता के बिना बोले जाते हैं, स्वर कहलाते हैं। उदाहरण:-अ, आ, इ, ई........ आदि।
5. दो या दो से अधिक अक्षरों का साथ मिलकर एक अक्षर बनाना, संयुक्ताक्षर कहलाता है। जैसे:-प्यारा, न्याय आदि।

## पाठ - 3 शब्द

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (अ) सार्थक　　2. (ब) प्रत्यय　　3. (ब) पुनरुक्त

**ख. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
2. जब किसी सार्थक शब्द का प्रयोग वाक्य में होता है तो उसे पद कहते हैं।
3. उपसर्ग को किसी शब्द के आरंभ में लगाते हैं।
   उदाहरण:- कु - कु + पुत्र = कुपुत्र, अ - अ + धर्म = अधर्म।

4. प्रत्यय किसी शब्द के अंत में लगाते हैं।

उदाहरण :- सुंदर + ता = सुंदरता, सप्ताह + इक = साप्ताहिक

**ग. शब्द बनाओ :-**

| | | |
|---|---|---|
| सुंदरता | योग्यता | भारतीय |
| चीनी | अज्ञान | कुमार्ग |
| दुर्गुण | अनुचित | |

## अपठित गद्यांश

**क. निम्न कविता को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो :-**

| | |
|---|---|
| 1. (स) कोयल | 2. (स) सक्कू |
| 3. (ब) भक्कू | 4. (द) मिसरी |
| 5. (ब) रोता है | 6. (स) चिढ़ जाता है। |

**ख. नीचे लिखी पंक्तियों को पूरा करो :-**

2. मीठी जिसकी बोली
3. कक्कू माने कोयल होता।

## पाठ-4 वाक्य और उसके भाग

**क. शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाओ :-**

1. मेरी माँ बहुत अच्छी है।
2. माली पौधों को पानी देता है।
3. गुलाब का फूल सुंदर होता है।
4. रीता को भूख लगी है।
5. रमा किताब पढ़ती है।

**ख. निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य एवं विधेय अलग करके लिखो :-**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| 1. | रामू | तेज दौड़ता है। |
| 2. | सीता | गीत गाती है। |
| 3. | धरती | गोल गोल है। |
| 4. | आम | मीठा है। |
| 5. | राधा | खूब पढ़ती है। |
| 6. | बच्चे | कक्षा में पढ़ रहे हैं। |
| 7. | रमन | हमारा पड़ौसी है। |
| 8. | चौकीदार | रात को जागता है। |
| 9. | सिपाही | ने चोरों को पकड़ा |
| 10. | सेना | के नौजवान सीमा पर रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं। |

**ग. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :-**

1. वह शब्द समूह जिससे कोई अर्थ प्रकट हो, वाक्य कहलाता है।
   उदाहरण :- विराट कोहली क्रिकेट खेलता है।
2. वाक्य में जिसके बारे में बात कही जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं।
3. उद्देश्य के विषय में जो कुछ भी कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

## पाठ-5 शुद्ध-अशुद्ध

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) दीपक　　2. (स) दवाइयाँ　　3. (स) सैनिक
4. (ब) विद्यालय　　5. (द) क्षत्रिय

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

शुद्ध शब्द - दीपक, चिड़िया, दोष, किताब, कोयल
अशुद्ध शब्द - सहर, बिमारी, रोसनी, परिक्षा

**ग. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. ज्ञानी　　2. अशुद्ध　　3. औरत
4. करती　　5. अशुद्ध

**घ. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य　　2. सत्य　　3. सत्य
4. असत्य

ङ. शुद्ध शब्द पर सही का चिह्न लगाओ और उसे नीचे दिए गए स्थान में लिखो।
उदाहरण देखो- बीमारी　तिथि　चिड़िया　परीक्षा　सूर्य

**च. वाक्य पढ़ो और शुद्ध करके लिखो। उदाहरण देखो।**

1. मछली पानी में तैर रही है।
2. दीपक जलता है।
3. मैंने पानी पीया।
4. अंजू को सेब काटकर खिलाओ।
5. बिल्ली पेड़ पर बैठी हैं।

## पाठ-6 संज्ञा

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (अ) जातिवाचक संज्ञा　　2. (स) शेर　　3. (अ) ईमानदारी
4. (स) चौराहा　　5. (अ) पुरुष

**ख. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य　　2. सत्य　　3. असत्य
4. असत्य　　5. सत्य

**ग. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रोध | ग. | भाववाचक संज्ञा |
| 2. | लाल किला | क. | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| 3. | मेरठ | ड. | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| 4. | स्त्री | घ. | जातिवाचक संज्ञा |
| 5. | भीड़ | ख. | समूहवाचक संज्ञा |

**घ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी या भाव का बोध कराने वाले शब्द, संज्ञा शब्द कहलाते हैं।
2. जो संज्ञा शब्द सभी जातियों के लिए प्रयोग किये जाते हैं, वे शब्द जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं। जैसे-गाय, डॉक्टर, बच्चा, आदि। जबकि जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु तथा स्थान के नाम का बोध कराएं उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे:-नरेंद्र मोदी, मुंबई, कुतुबमीनार आदि।
3. गुण, भाव, दशा, दोष आदि बताने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं। इनको केवल अनुभव किया जा सकता है। जैसे:-क्रोध, दया, प्रेम, बचपन, मित्रता, ईमानदारी आदि। जबकि जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु तथा स्थान के नाम का बोध कराएँ उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे:-महात्मा गांधी, भारत, ताजमहल आदि।
4. वे शब्द जो किसी समुदाय या समूह का बोध कराते हैं, समूहवाचक संज्ञा कहलाते हैं। उदाहरण:-भीड़, सेना, कक्षा आदि।
5. पुरुष, पक्षी, दर्जी, अध्यापक।

## पाठ-7 लिंग

**क सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) लिंग  2. (ब) दादी  3. (ब) दो

4. (ब) स्त्रीलिंग,

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|
| 1. | राजा | ग. | रानी |
| 2. | लेखिका | छ. | लेखक |
| 3. | गायक | क. | गायिका |
| 4. | दादा | च. | दादी |
| 5. | राजकुमारी | ख. | राजकुमार |
| 6. | छात्र | घ. | छात्रा |
| 7. | शेर | ड. | शेरनी |

**ग. हर फूल पर एक शब्द लिखा है, उसे चुनो और सही टोकरी में लिखो :-**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| चाचा | चाची |
| बालक | बालिका |
| हंस | हंसिनी |
| बेटा | बेटी |
| लेखक | लेखिका |
| राजा | रानी |

**घ. लिंग बदलकर लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| चिड़ा - चिड़िया | माली - मालिन | घोड़ा - घोड़ी |
| लड़का - लड़की | गुड्डा - गुड़िया | ग्वाला - ग्वालिन |

**ङ.** जिन शब्दों के अंत में "ई" लगने पर लिंग बदलता है, उन पर गोला लगाओ। लिंग बदलकर उन्हें दिए गए स्थान पर उदाहरण के अनुसार लिखो:-

| | | |
|---|---|---|
| बकरा - बकरी | लड़का - लड़की | बेटा - बेटी |
| राजकुमार - राजकुमारी | चाचा - चाची | नाना - नानी |
| घोड़ा - घोड़ी | दादा - दादी | |

**च. कोष्ठक में दिए संज्ञा के सही रूप से रिक्त स्थान भरो :-**

1. घोड़ी 2. राजा 3. गाय
4. डिबिया 5. शेर

**छ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये :-**

1. जो शब्द 'नर' (पुरुष जाति) अथवा 'मादा' (स्त्री जाति) के रूप का बोध कराता है, उसे लिंग कहते हैं।
2. लिंग के दो भेद हैं:-(1) पुल्लिंग, (2) स्त्रीलिंग
3. जो शब्द पुरुष जाति के होने का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं, जैसे- लड़का, शेर, बेटा, हाथी आदि।
4. जो शब्द स्त्री जाति के होने का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं, उदाहरण:- लड़की, शेरनी, बेटी, हथिनी आदि।

## पाठ-8 वचन

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) चिन्ह लगाइए :-**

1. (स) संख्या का 2. (स) 'अ' व 'ब' दोनों
3. (अ) कलियाँ 4. (ब) बहुवचन में

**ख. उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए :-**

1. पत्तियाँ 2. दवाइयाँ
3. तितलियाँ 4. रोटियाँ
5. बिल्लियाँ

**ग. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | नदी | ड. | नदियाँ |
| 2. | बकरी | च. | बकरियाँ |
| 3. | पुस्तक | छ. | पुस्तकें |
| 4. | गमला | क. | गमले |
| 5. | लड़की | ख. | लड़कियाँ |
| 6. | पहाड़ी | ग. | पहाड़ियाँ |
| 7. | केला | घ. | केले |

**घ. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. कौए
2. मक्खियाँ
3. लड़के
4. खिलौने
5. पुस्तकें

**ड. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए :-**

1. कुर्सियाँ
2. घर
3. पंखा
4. कलियाँ
5. रातें
6. घोड़ा
7. रानियाँ
8. केला
9. बकरी
10. खिड़की

**च. वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :-**

1. घोड़े हिनहिनाते हैं।
2. मेरे पास झंडे हैं।
3. नदियाँ पवित्र होती हैं।
4. कवियों ने कहानियाँ लिखीं।
5. गुरुओं का सम्मान करो।
6. मैंने लड्डू खाए।

**छ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये :-**

1. वचन दो प्रकार के होते हैं:-(1) एकवचन (2) बहुवचन।
2. सड़कें
3. नदी

## पाठ-9 सर्वनाम

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) सर्वनाम कहते हैं,
2. (ब) सर्वनाम है
3. तुम-(ब) सर्वनाम
4. (ब) सर्वनाम है।
5. (ब) सर्वनाम है

**ख. उचित सर्वनाम भरकर खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. कहाँ
2. यह
3. अपना
4. यह
5. उसे

**ग. इन शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

1. हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए।
2. आप कहाँ जा रहे हैं?
3. मैं खाना खा रहा हूँ।
4. तुम एक अच्छे बच्चे हो।
5. वह खेल रहा है।
6. उसे सुला दो।
7. उसने खाना खा लिया।
8. उनको कुछ ना बताएं।

**घ. सत्य/असत्य लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सत्य | 2. सत्य | 3. सत्य |
| 4. असत्य | 5. सत्य | |

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. सर्वनाम का प्रयोग करने से वाक्य सरल और अच्छे लगते हैं।
2. हम
3. उसे
4. सर्वनाम

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द या नाम सर्वनाम कहलाते हैं।
2. मैं, तुम, आपका, वह, तुम्हारा।
3. तुम्हें-तुम्हें घर जाना चाहिए।
   उसे-उसे क्यों डाँट रहे हो?

**छ. निम्न वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को घेरो :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मैं, स्वयं | 2. इसका | 3. आपका |
| 4. हमारा | 5. आपको | 6. वे |

## पाठ-10 विशेषण

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. (अ) विशेषण | 2. (ब) विशेष्य | 3. (अ) विशेषण |

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | मास | घ. | मासिका |
| 2. | कपट | ग. | कपटी |
| 3. | जहर | क. | जहरीला |
| 4. | बल | च. | बलवान |

5. धन ख. धनी
6. आश्रय ज. आश्रित
7. भारत ड. भारतीय
8. रस छ. रसीला

**ग. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. भूरी 2. वीर 3. ठंडा
4. दस

**घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. जो शब्द संज्ञा की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।
2. जिस व्यक्ति या वस्तु की विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।
3. जो शब्द संज्ञा की विशेषता बताते हैं, उसे विशेषण कहते हैं। जैसे:-लाल, अच्छा, मोटा, तीसरा, थोड़ा आदि। जबकि, जिस संज्ञा शब्द की विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं, जैसे-हरा तोता, चार पेंसिलें, धनी व्यक्ति आदि।
4. पतला, क्रोधी, तीन किलो, ज्यादा।

## पाठ-11 क्रिया

**क सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) खाती है 2. (अ) एकवचन 3. (ब) क्रिया

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | मोहन | घ. | पढ़ रहा है। |
| 2. | मोर | च. | नाच रहा है। |
| 3. | तारे | ङ. | टिमटिमा रहे हैं। |
| 4. | ग्वाला | ख. | दूध ला रहा है। |
| 5. | शेर | ग. | दहाड़ रहा है। |
| 6. | बच्चे | क. | पढ़ रहे हैं। |

**ग रिक्त स्थानों में उचित क्रियाएँ भरिए :-**

1. बना रही 2. खेल रहे हैं 3. जाता है

**घ. दिए गए शब्द समूह में जो क्रियाएँ नहीं हैं उन पर गोला लगाइए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुस्तक | घर | तोता | शहर |
| चित्र | कलम | माली | मेज |

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. वे शब्द जिनसे किसी काम के करने या होने का ज्ञान होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।
2. पढ़ना, दौड़ना, तैरना बैठना।

## पाठ-12 विलोम शब्द

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

1. (ब) पराजय  2. (अ) निरर्थक  3. (ब) हानि
4. (अ) अवगुण

**ख विलोम शब्द लिखिए :-**

1. कठिन  2. रात  3. शत्रु
4. कल  5. पाताल  6. पराजय
7. बड़ा  8. कठोर

**ग. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. पुराना  2. घृणा  3. सुबह
4. दु:ख  5. बैठना

**घ. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. सत्य  2. असत्य  3. असत्य
4. सत्य  5. सत्य

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. विपरीतार्थक शब्द  2. अशांति  3. कंजूस
4. छोटा

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. जो शब्द किसी शब्द के विपरीत अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।
2. दूर-पास, सुख-दुख, अच्छा-बुरा, सुबह-शाम, राजा-रंक, आजाद-गुलाम
3. 'प्रकाश' का विलोम शब्द-अंधकार
   'प्रकाश' के पर्यायवाची-उजाला, रोशनी
   'राजा' का विलोम शब्द-रंक
   'राजा' के पर्यायवाची-नरेश, नृप
   'मित्र' का विलोम शब्द-शत्रु
   'मित्र' का पर्यायवाची-दोस्त, सखा
4. रात × दिन - आज बहुत ठंडा दिन है।
   दाएँ × बाएँ - मेरे बाएँ हाथ में दर्द हो रहा है।
   सरल × कठिन - आज की परीक्षा में बहुत कठिन प्रश्न पूछे गए।
   धनी × निर्धन - हमें निर्धन व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए।
   खट्टा × मीठा - मुझे मीठा खाना बहुत पसंद है।
5. विलोम शब्द को और विपरीतार्थक शब्द के नाम से जानते हैं।
   पाँच शब्दों के विलोम शब्द :-
   नवीन × प्राचीन  गंदा × साफ  पतला × मोटा
   अपना × पराया  प्रकाश × अंधकार

## पाठ–13 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (अ) विदेशी 2. (ब) सुनार 3. (अ) कामचोर
4. (अ) साप्ताहिक

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | कपड़े धोने वाला | ग. | धोबी |
| 2. | जो खेती करे | घ. | किसान |
| 3. | जो पूजा–पाठ करता हो | ड. | पुजारी |
| 4. | वो वस्तु अपने देश की हो | क. | स्वदेशी या देशी |
| 5. | जो नाचता हो | ख. | नर्तक |

**ग. नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो और कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर लिखो :-**

1. परिश्रमी 2. विद्यालय 3. सैनिक
4. निबोरियाँ 6. विदेशी 6. लुहार

**घ. खाली स्थान पर सही शब्द चुनकर भरो :-**

1. निडर 2. नर्तक 3. विदेशी
4. विद्यार्थी 5. चित्रकार 6. मांसाहारी

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. विद्यार्थी 2. न्यायाधीश 3. धनी
4. कामचोर 5. पुजारी

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. अपनी भाषा को सरल बनाने तथा उसको नपे-तुले शब्दों में बोलने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं।
2. जो अपने देश की सेवा करता हो उसे देशभक्त कहते हैं, जबकि देश की सेवा करने को देशभक्ति कहते हैं।
3. जो भगवान को माने उसे आस्तिक कहते हैं, जबकि जो भगवान को न माने उसे नास्तिक कहते हैं।
4. जो मांस खाता हो, उसे मांसाहारी कहते हैं, जबकि जो शाक–सब्जी खाता हो, उसे शाकाहारी कहते हैं।

## पाठ–14 पर्यायवाची शब्द

**क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

1. (स) शशि 2. (अ) नीर 3. (अ) अग्नि
4. (स) इनमें से कुछ नहीं

**ख. प्रत्येक के दो-दो नाम और लिखो :-**

1. शशि, रवि 2. खग, विहग 3. भू, धरा

4. वायु, पवन　　5. जलधि, सागर　　6. जलज, पंकज

## पाठ-15 मुहावरे

**क निम्न के अर्थ लिखिए :-**

1. किसी की बुराई करना　　2. हराना　　3. तेज दौड़ना
4. बिगाड़ देना　　4. जोर से भूख लगना　　6. स्वार्थ सिद्ध करना

**ख. मुहावरों का उचित उपयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. नौ-दो ग्यारह हो गया
2. खून-पसीना एक करना
3. पीठ थपथपाई
4. हाथ बँटाती
5. अंधे की लाठी

**ग. सत्य/असत्य लिखिए :-**

1. असत्य　　2. असत्य　　3. सत्य
4. सत्य　　5. असत्य

**घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. सहायता करना　　2. नाराज़ हो जाना　　3. धोखा देना
4. भूख लगना　　5. डर जाना

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :-**

1. शब्दों का ऐसा समूह, जिससे कुछ विशिष्ट अर्थ निकलता हो, उसे मुहावरा कहते हैं।
2. फूला न समाना, पीठ थपथपाना, मुँह में पानी भर आना।
3. अर्थ-भाग जाना, चूहे बिल्ली को देखकर नौ दो ग्यारह हो गए।
4. भाषा में मुहावरों का उपयोग भाषा को सुंदर तथा प्रभावशाली बनाने के लिए किया जाता है।

# व्याकरण ज्योति - 4

## क्या तुम्हें याद है?

**क. विलोम लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| अंधकार - उजाला | राजा - रंक | परिश्रमी - आलसी |
| सौभाग्य - दुर्भाग्य | धर्म - अधर्म | शुद्ध - अशुद्ध |
| निर्धन - धनी | प्राचीन - नवीन | |

**ख. पर्यायवाची लिखो :-**

| | |
|---|---|
| आँख - नेत्र, नयन | आकाश - आसमान, नभ |
| ईश्वर - भगवान, प्रभु | सूरज - सूर्य, रवि |

**ग. मुहावरों के अर्थ लिखो :-**

दुम दबाकर भागना - डरकर भाग जाना
आँख का तारा - बहुत प्यारा होना
आस्तीन का साँप - धोखेबाज मित्र
नौ-दो ग्यारह होना - भाग जाना

**घ. वाक्य बनाओ :-**

डाकू बहुत निर्दयी था।
मेरी वार्षिक परीक्षा शुरू होने वाली हैं।
मेरठ लोकप्रिय शहर है।

### पाठ-1 भाषा और व्याकरण

**क. सही विकल्प पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. (ब) 22 | 2. (स) पंजाबी भाषा की | 3. (ब) व्याकरण |
| 4. (अ) हिंदी | 5. (द) हूँ | |

**ख. इनका सही मिलान कीजिए :-**

| | स्तंभ 'अ' | | स्तंभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | देवनागरी | ख. | हिंदी एवं संस्कृत |
| 2. | फारसी | ग. | उर्दू |
| 3. | रोमन | घ. | अंग्रेजी |
| 4. | गुरुमुखी | क. | पंजाबी |

**ग रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. 22 | 2. व्याकरण | 3. कर्नाटक |
| 4. सांकेतिक | 5. धोती | 6. देवनागरी |

**घ सत्य/असत्य लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सत्य | 2. सत्य | 3. सत्य |

4. असत्य　　5. असत्य　　6. असत्य

7. सत्य

**ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

1. पंजाबी भाषा　　2. तीन रूप　　3. देवनागरी

4. व्याकरण से　　5. 22 भाषाओं को

**च. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिये :-**

1. भाषा के तीन रूप हैं:-(1) मौखिक रूप
(2) लिखित रूप
(3) सांकेतिक रूप

**मौखिक रूप** - जब हम अपनी बात अथवा विचारों को दूसरों के सामने बोलकर प्रकट करते हैं, तब यह भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

उदाहरण-भाषण देना।

**लिखित रूप** - जब हम अपनी बात अथवा विचारों को दूसरों के लिए लिखकर प्रकट करते हैं, यह भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

उदाहरण - पत्र लिखना।

**सांकेतिक रूप** - जब हम अपनी बात अथवा विचारों को दूसरों के लिए संकेत अथवा इशारे के रूप में प्रकट करते हैं, तब इसे भाषा का सांकेतिक रूप कहा जाता है।

उदाहरण - अंगुली से संकेत करके किसी को बुलाना।

2.
| | | |
|---|---|---|
| 1. असमिया | 2. बांग्ला | 3. गुजराती |
| 4. हिंदी | 5. कन्नड़ | 6. कश्मीरी |
| 7. मलयालम | 8. मराठी | 9. उड़िया |
| 10. पंजाबी | 11. संस्कृत | 12. सिंधी |
| 13. तमिल | 14. तेलुगु | 15. उर्दू |
| 16. कोंकणी | 17. मणिपुरी | 18. नेपाली |
| 19. मैथिली | 20. संथाली | 21. डोगरी |
| 22. बोडो | | |

3. भाषा को लिखने के लिए जो चिह्न निश्चित किए जाते हैं, उन चिह्नों को लिपि कहते हैं।

हिंदी की लिपि - देवनागरी　　अंग्रेजी की लिपि - रोमन

उर्दू की लिपि - फारसी　　संस्कृत की लिपि - देवनागरी

पंजाबी की लिपि - गुरुमुखी

4. भाषा वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों तथा विचारों को दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरों के भावों और विचारों को ग्रहण करते हैं।

**छ. अधिक से अधिक भाषाओं के नाम ढूँढकर लिखिए :-**

गुजराती, कन्नड़, पंजाबी, अंग्रेजी, तमिल, संस्कृत, सिंधी, तेलुगु, बांग्ला

## पाठ-2 शब्द और वाक्य

**क बताओ :-**

1. दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
2. शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
3. वाक्य के दो अंग होते हैं:-(1) उद्देश्य (2) विधेय

**ख. सही शब्द चुनकर लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| आज्ञा | अरूचि | कार्यक्रम |
| प्रशंसा | अध्यापिका | |

**ग. तुकबंदी वाले शब्द लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| रेला | खाए | जाती |
| मरना | पीना | लाती |

**घ. नीचे लिखे वाक्यों में से उद्देश्य-विधेय छाँटकर लिखिए :-**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| 1. | मेरा भाई रवि | कल आएगा |
| 2. | आम | गरमियों में मिलते हैं। |
| 3. | किसान | बीज बो रहा है। |
| 4. | वह बेचारा | क्या कर सकता है। |
| 5. | मेरा छोटा बेटा राजेश | आज आ रहा है। |

**ङ. शब्दों को व्यवस्थित करके वाक्य बनाइए :-**

